# गायत्री शक्तिपीठ चूरू में जिला स्तरीय अनुयाज समिति की बैठक आयोजित

**चूरू** (निसं)। अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में जिला स्तरीय अनुयाज समिति की बैठक गायत्री शक्तिपीठ चूरू में आयोजित की गई।

सर्वप्रथम केंद्रीय प्रतिनिधि राम सिंह राठौड़ प्रांतीय समन्वयक गोपाल स्वामी उपजोंन समन्वयक बालदान चारण जिला संयोजक ओम प्रकाश पारीक ने गायत्री माता गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया इसके बाद मंच पर रामसिंह राठौड़ गोपाल स्वामी बालदान चारण ओमप्रकाश पारीक व कमल कंवर ने स्थान ग्रहण किया। पंडित रामलाल शर्मा ने सभी का तिलक व पुष्पवर्षा के साथ स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर राम सिंह राठौड़ ने कहा कि पूरे जिले में माता भगवती देवी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस संबंध में जिला स्तरीय अनुयाज समिति की बैठक आयोजित की गई है सभी को अलग अलग व्यवस्था कार्यक्रम आयोजित करवाना हेतु प्रदान की गई। गोपाल स्वामी ने कहा कि समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा जिले के प्रत्येक तहसील ग्रामीण क्षेत्र शहरी में घर-घर गायत्री स्थापना तथा माता-पिता जीवन शताब्दी वर्ष मनाया जाएगा इसके लिए अलग-



**अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में जिला स्तरीय अनुयाज समिति की बैठक गायत्री शक्तिपीठ चूरू में आयोजित की गई।**

अलग टोली बनाई गई है और शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार सभी कार्य पूर्ण किए जाएंगे।

बालदान चारण ने कहा कि जन्म शताब्दी वर्ष को भव्य रूप से मनाने के लिए जिले भर में धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों के माध्यम से माता भगवती देवी के आदर्शों, संस्कारों और समाज सेवा के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

समिति जिला संयोजक ओम प्रकाश पारीक ने बताया कि जन्म शताब्दी वर्ष के दौरान प्रवचन, भजन संध्या, सामाजिक जागरूकता, नाशामुक्ति, पौधारोपण, महिला सशक्तिकरण संगोष्ठी आदि अनेक कार्यक्रम तथा विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें जिले के सभी अनुयाज एवं गायत्री परिवार परिजन और समाजबंधुओं की सहभागिता रहेगी।

बैठक में महिला प्रभारी कमल कंवर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग करने का आव्हान किया गया। इस अवसर पर चूरू तहसील संयोजक पृथ्वीराज सैनी ने सभी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके पर राजगढ़ के भारत सिंह जांगिड़ रतनगढ़ ओमप्रकाश हिंडोरिया सरदारशहर मदन सिंह हरिकिशन शर्मा तारानगर रमेश शर्मा सुजानगढ़ हरदयाल बनेसिंह बनवारी लाल तेजपाल सिंह युवा प्रकोष्ठ के नीरज जांगिड़ महेंद्र कुमार सत्यनारायण कनोडीया आदि अनेक उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### होली स्नेह मिलन समारोह का समापन

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्थानीय सैन छात्रावास में होली स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुकेश हर्षवाल बांसुरी वादक म्यूजिकल पार्टी मंडली द्वारा बांसुरी वादन के साथ चंग पर अनेक प्रकार की मनमोहक धमाल सुनने को मिली। इस माधुरी बांसुरी ताल सुनने से समाज झूम उठा। महिलाओं के भागीदारी भी संपन्न हुई। साथ में पूर्व पार्षद मंजू चौहान ने महिला दिवस पर सबको शुभकामनाएं दी। इस अवसर फूलों की होली खोली गई। डॉ. बीएल वर्मा ने अपने उद्घबोधन में कहा कि हम सब सजग बने रहे वर्तमान में एकल परिवार को बढ़ावा देने के विरोध में आवाज उठाई कि हमें संयुक्त परिवार ही अपनाना चाहिए। इससे संबल मिलता है और युवा वर्ग की भागीदारी निश्चित करने का आग्रह किया। साथ में समाज को विभिन्न प्रकार के सामाजिक दृष्टिकोण से जागरूक रहने का संदेश दिया। वहीं जिलाध्यक्ष महेश महेश वर्मा कालीपहाड़ी ने कहा कि समाज में सभी बंधु एक रहे हम सब अपने सामाजिक कार्य में रुचि लेकर बढ़ चढ़कर के भाग लेना आवश्यक है। सब को समाज में सहयोग देना चाहिए चाहे वह किसी भी प्रकार से दे। इससे तरक्की की राहों में अग्रसर रहेगा। इस अवसर पर जयपुर के प्रसिद्ध वकील खूबीलाल धर्मपत्नी के साथ उपस्थित गौरवमयी रही। उन्होंने बताया कि हमारा वंश विशाल एवं गरिमामय रहा है। पूर्वजों ने राज किया है। एक दूसरे के कम आने वाले हैं। सभी समाज में काम आने सहयोगी प्रवृत्ति का अपना समाज है। इस अवसर पर रामनिवास कालोया ने आय-व्यय का ब्यौरा समाज को पढ़कर सुनाया। समाज के अनेक गणमान्यजनों की उपस्थिति इसमें रही। जिसमें मुकेश हर्षवाल, डॉ. बीएल वर्मा, महेश कालीपहाडी, करणलाल नरहड़, पारस एडवोकेट, राजेंद्र सैन, अशोक, सुभाष गोठडिया, कालूराम गोठड़िया, किरोड़ी सैन एवं दूर दराज के गांव सहित कई गणमान्यजन मौजूद थे।

### महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का विकास संभव नहीं : राजावत

**झुंझुनूं,** (निसं)। मेजर एमएच खान मेमोरियल शिक्षण संस्थान धनूरी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महिलाओं के सम्मान, उनके योगदान और समाज में उनकी भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। समारोह के मुख्य अतिथि एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत रहे। विशिष्ट अतिथियों में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझडिया, जिला रसद अधिकारी निकिता राठौड़, जिला उद्योग केंद्र के डिप्टी कमिश्नर अभिषेक चोपदार, प्रधानचार्य बलबीर सिंह ढाका, काउंसलर सरोज मूंड तथा प्रोफेसर संगीता जांगिड़ उपस्थित रहीं। समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिन्हें उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह राजावत ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को भी जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच हम्मद हफिज खान तथा सरपंच रुखसाना बानो भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अन्य अतिथियों ने भी महिलाओं के अधिकार, शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय की निदेशक रज़िया परवेज खान तथा प्रधानाचार्य एके शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के स्काउट-गाइड दल तथा समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

### बेटियों ने केनवास पर उकेरी अपनी कल्पनाएं

**सीकर** (निसं)। चिकित्सा विभाग की ओर से मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में पिपराली स्थित एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जिला कार्यक्रम समन्वयक पीसीपीएनटीडी नंदलाल पूनिया ने पीसीपीएनटीडी एक्ट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में महिलाओं को देवी के समान माना गया है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ रही है और पुरूषों से कंधे से कंधे मिलकर चल रही है। महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है, फिर चाहे वह राजनीति का क्षेत्र या अंतरिक्ष। कार्यक्रम में डॉ सावित्री भामू ने बालिकाओं को कड़ी मेहनत पर आगे बढने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर बालिकाओं ने केनवास पर अपनी कल्पनाओं को कूंची के माध्यम से उकेरा और महिला सशक्तिकरण की ओर बढते कदम का परिचय दिया। वहीं विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्र की प्रधानार्चा श्रीमती सुमन, प्रशिक्षण महेश जांगिड सहित सभी छात्राएं व स्टाफ मौजूद रहा।

### चूरू महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को मंच दिया जायेगा : एडीएम

**चूरू** (निसं)। प्रस्तावित चूरू महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को नगर परिषद सभागार में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में अति. जिला कलेक्टर अर्पिता सोनी व नगर परिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह ने महोत्सव को लेकर पत्रकारों से सुझाव साझा किए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर अर्पिता सोनी ने कहा कि चूरू महोत्सव जिले की सांस्कृतिक पहचान है, इसे और अधिक प्रभावी बनाने के लिए मीडिया के अनुभव और सुझाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आयुक्त अभिलाषा सिंह ने महोत्सव की प्रारंभिक रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि इस बार कार्यक्रम में नवाचारों के साथ-साथ स्थानीय लोक कला और संस्कृति को प्रमुखता दी जाएगी। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों ने महोत्सव के दौरान यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, स्थानीय कलाकारों को मंच देने को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। एडीएम व आयुक्त ने विश्वास दिलाया कि मीडिया से प्राप्त सकारात्मक सुझावों को आयोजन में प्रमुखता से शामिल किया जाएगा, ताकि चूरू महोत्सव न केवल जिले में बल्कि प्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान बना सके।

### गायों को गुड़ खिलाकर जन्मदिन मनाया

**तारानगर** (निसं)। तारानगर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता राकेश जांगिड़ का जन्म दिवस पूरी विधानसभा के लोगों ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र में अलग अलग तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया तो वहीं तारानगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने कस्बे की गोपाल गौशाला व बालाजी गौशाला में गायों को गुड खिलाया, मरीजों को फल वितरित, झुग्गी झोंपड़ियों में मिठाई खिलाकर मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जांगिड़ के जन्म दिन की बधाई दी। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने जांगिड के निवास पर जाकर जांगिड को उनके जन्म दिन की शुभकामनायें प्रेषित की। ज्ञात रहे कि सोशल मीडिया पर भी जांगिड को देने वालों का ताँता लगा रहा। इस मौके पर मोहम्मद तैयब, अजीत सिँह राठौड, हरी इंदौरिया, माणक सैनी, फारूक मिस्त्री सहित भाजपा के काफी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### चूरू जिला प्रभारी कल्पना जांगिड़ सम्मानित

**चूरू** (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा चूरू की तहसील अध्यक्ष मीनाक्षी जांगिड़ व कार्यकारिणी ने चूरू जिला प्रभारी व पूर्व तहसील अध्यक्ष कल्पना जांगिड़ को दुप्पटा पहनाकर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यकारिणी की पदाधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर रेखा जांगिड, अनिता जांगिड, किरण जांगिड, शीला जांगिड़ व सीता जांगिड सहित अनेक महिला पदाधिकारी उपस्थित थी।

### घोड़ी पर बैठाकर बेटी की बिंदौरी निकाली

**झुंझुनूं,** (निसं)। बेटा बेटी को बराबर दर्जा की समाज में जागरूकता लाने की पहल को लेकर भतीजी मोनिका से किया वादा उसके बड़े पापा महिपाल महला ने निभाया। खाजपुर नया निवासी स्व. रमेश महला की बेटी मोनिका से उसके बड़े पापा सहित समस्त परिवार ने शादी में बेटी को घोड़ी पर बैठाकर गांव में बिंदौरी निकालने का वादा किया था। जिसे सोमवार शाम को धूमधाम से गाजे बाजे के साथ निभाया। महला परिवार की इस अनूठी पहल के लिए समस्त शुभचिंतकों व ग्रामीणों ने बिटिया को बधाई देते हुए प्रशंसा की।

### पेंशनर्स समस्या समाधान शिविर कल

**सीकर,** (निसं)। पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग द्वारा जिला कोष कार्यालय सीकर में 12 मार्च 2026 को पेंशनर्स समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसमें पेंशन से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पेंशनर्स समस्या समाधान शिविर में सहायक निदेशक विवेक विजय एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी रूपसिंह मीणा उपस्थित रहेंगे।

## पायल सैनी हुई महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल

**चूरू** (निसं)। दिल्ली स्थित इंदिरा भवन में आईसीसी के ओबीसी विभाग की ओर से सोमवार को महिला सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में चूरू की निवर्तमान सभापति व राजस्थान महिला कांग्रेस की महासचिव पायल सैनी ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए ओबीसी वर्ग की महिलाओं को राजनीति और सामाजिक सरोकारों में आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पायल सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय में समान अवसर के विषयों पर देशभर से आई महिलाओं ने चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिलाओं को नेतृत्व देने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। ऐसे कार्यक्रमों से महिलाओं को आगे बढने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलती है।

# सांसद राहुल कस्वां ने शेखावाटी क्षेत्र के पेयजल एवं सिंचाई संकट का मुद्दा लोकसभा में उठाया

**चूरू** (निसं)। चूरू संसदीय क्षेत्र के सांसद राहुल कस्वां ने लोकसभा में नियम 377 के अंतर्गत शेखावाटी क्षेत्र में गहराते पेयजल एवं सिंचाई संकट का मुद्दा उठाते हुए केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

सांसद कस्वां ने कहा कि चूरू सहित संपूर्ण शेखावाटी क्षेत्र देश के सबसे अधिक शुष्क क्षेत्रों में से एक है, जहाँ भूजल स्तर लगातार गिरकर 400 से 600 फीट तक पहुँच चुका है। खारे पानी, फ्लोराइड की अधिकता तथा अनियमित वर्षा के कारण क्षेत्र के आमजन, किसान और पशुपालक गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि हरियाणा से राजस्थान होते हुए शेखावाटी क्षेत्र तक यमुना जल लाने का प्रस्ताव लंबे समय से लंबित है। अंतरराज्यीय समझौतों, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) और केंद्रीय स्वीकृतियों की प्रगति स्पष्ट नहीं होने से क्षेत्र की जनता में निराशा है।

कस्वां ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2026-27 के बजट में राजस्थान



**चूरू संसदीय क्षेत्र के सांसद राहुल कस्वां ने शेखावाटी क्षेत्र में गहराते पेयजल एवं सिंचाई संकट का मुद्दा उठाया।**

सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए 32,000 करोड़ की घोषणा की गई थी, जिसे ऐतिहासिक बताया गया था, लेकिन अभी तक परियोजना की प्रगति स्पष्ट नहीं है। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि इस परियोजना को राष्ट्रीय महत्व का दर्जा दिया जाए, संबंधित राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र निर्णय लिया जाए और शेखावाटी क्षेत्र के लिए समयबद्ध कार्ययोजना घोषित की जाए। सांसद कस्वां ने कहा कि यमुना जल उपलब्ध होने से न केवल क्षेत्र के पेयजल संकट का स्थायी समाधान होगा, बल्कि कृषि, पशुपालन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

## राजस्थान दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने राजस्थान दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली। राजस्थान दिवस समारोह का शुभारंभ 15 मार्च को होगा।

समारोह के तहत जिले में 15 से 19 मार्च तक विकसित राजस्थान रन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज सहित विविध कार्यक्रम होंगे। जिला कलेक्टर शर्मा ने कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों को आमजन के साथ ही सभी विभागों की भागीदारी के साथ समारोह को भव्य एवं आकर्षक बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर परिषद को निर्देश दिए कि राजस्थान दिवस के अवसर पर सभी राजकीय कार्यालय एवं भवनों में रोशनी, सजावट करवाने, साफ-सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्थाएं करने तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को विगत एक वर्ष में नव नियुक्त चिकित्सा कार्मिकों, पटवारी, शिक्षा विभाग के कार्मिकों की सूची तैयार कर भिजवाने की हिदायत दी।

उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के साथ ही युवा एवं खेल विभाग, स्कूल, कॉलेज शिक्षा, उद्योग, कृषि एवं पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभागों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए है। समारोह का औपचारिक शुभारंभ 15 मार्च को राजस्थान को जाने क्विज के साथ होगा। इसके साथ ही विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में निबंध, भाषण एवं चित्रकारी प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।

## बिना दहेज शादी की

**चूरू** (निसं)। निकटवर्ती गांव घंटेल में स्व. प्रताप सिंह के पुत्र सम्पत सिंह राठौड ने बिना दहेज शादी कर समाज में कुरूतियों को त्यागने का संदेश दिया। गौरतलब है कि सम्पत सिंह लूणकरणसर आईटीआई में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। सम्पत सिंह की शादी सोमवार को डाबडी निवासी स्व. सुरेन्द्र सिंह शेखावत की पुत्री मनीषा कंवर के साथ सम्पन्न हुई। शादी में मनीषा के परिजनों ने ग्यारह लाख रूपये तिलक में दिये, जिसको दुल्हे सम्पत सिंह ने लौटा दिए।

## होली स्नेह मिलन समारोह 15 को

**नवलगढ़/झुंझुनूं** (निसं)। रंगों के पर्व होली की उमंग को और भी खास बनाने के लिए परसरामपुरा में इस बार भव्य फागोत्सव एवं होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन होने जा रहा है। 15 मार्च 2026 रविवार को शाम 6:15 बजे से शास्त्री फार्म हाउस, परसरामपुरा में आयोजित होने वाला यह आयोजन पूरे क्षेत्र में उत्सव और सांस्कृतिक उल्लास का केंद्र बनेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सान्निध्य में राजस्थान सरकार के पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. राजकुमार शर्मा रहेंगे।

उनके सानिध्य में आयोजित यह फागोत्सव सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक परंपरा और आपसी भाईचारे का अनूठा संगम बनेगा। आयोजकों के अनुसार इस भव्य कार्यक्रम में शेखावाटी अंचल के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें पारंपरिक फाग गीत, लोकनृत्य और होली के रस में सराबोर मनोरम कार्यक्रम शामिल होंगे। रंग, संगीत और उल्लास से भरा यह आयोजन क्षेत्र के लोगों के लिए यादगार बनने की उम्मीद है। इस पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा और बडी संख्या में आमजन भाग लेकर होली के रंगों में सराबोर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देंगे। कार्यक्रम को लेकर युवाओं और ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन के निमंत्रक युवा विकास मंच, नवलगढ़ ने क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों और आमजन से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर फागोत्सव की रंगीन शाम का हिस्सा बनने का आव्हान किया है।

## सार-समाचार

### घर के गेट व दीवार को पिकअप गाड़ी से टक्कर मारकर तोड़ने का आरोप

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ थाने के गांव जयपुरिया खालसा में रंजिश के चलते पिकअप गाडी से टक्कर मारकर घर के गेट और दीवार को तोडने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस संबंध में थानां अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि गांव जयपुरिया खालसा निवासी सुरेश कुमार ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि वर्ष 2024 में उसके घर में चोरी हुई थी, जिसकी रिपोर्ट उसने थाने में दर्ज करवाई थी। चोरी के मामले में गांव के मोनू पर शक जताया गया था, जिसकी जानकारी पुलिस को भी दी गई थी। आरोप है कि इसी बात को लेकर मोनू, उसका भाई सोनू तथा उनका साला अनिल निवासी चिमनपुरा उससे रंजिश रखने लगे और कई बार जान से मारने की धमकी भी दी। दर्ज मामले में बताया कि ०7 मार्च 2026 की रात करीब 1.4 0 बजे अनिल अपने एक अन्य साथी के साथ पिकअप गाडी लेकर उसके घर के बाहर आया और गाली-गलौच करते हुए बाहर निकलने के लिए ललकारने लगा। शोर सुनकर सुरेश कुमार व उसके माता-पिता घर से बाहर आए। इसी दौरान आरोपी अनिल ने पिकअप गाडी से तीन बार टक्कर मारकर घर का मुख्य गेट और पीलर तोड दिया तथा सामने की दीवार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। दर्ज मामले में आरोप है कि आरोपी जान से मारने की नीयत से पूरी तैयारी के साथ आए थे और जाते समय भी धमकी देकर गए। राजगढ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शरू कर दी है।

### सूने मकान से सोने-चांदी के जेवर चोरी

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ कस्बे के माता मंडी टिब्बा क्षेत्र में एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने ताले तोडकर सोने-चांदी के जेवर चोरी कर फरार हो गए। इस संबंध में थानां अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि राजगढ के वार्ड नंबर 02 निवासी प्रताप सांसी ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि वह अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए पंजाब गया हुआ था। इस दौरान 25 फरवरी की रात करीब 12.20 बजे अज्ञात चोरों ने उसके घर के ताले तोडकर अंदर प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। दर्ज मामले में बताया कि पडोसियों ने फोन कर घर के ताले टूटे होने की सूचना दी। इसके बाद वह 28 फरवरी को घर लौटा तो देखा कि घर के सभी ताले टूटे हुए थे और अंदर रखा सामान बिखरा पडा था। चोर घर से करीब एक तोले का सोने का ताबीज, सोने के झुमके, दो सोने की अंगूठियां, करीब 25 ग्राम चांदी की दो पाजेब सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीडित ने बताया कि उसके घर के पास दो सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिनकी जांच करने पर चोरों का सुराग मिल सकता है। वहीं सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का मौका निरीक्षण किया तथा से सीसीटीवी फुटेज को खंखाल कर पुलिस चोरों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कृषक उपहार योजना की लॉटरी 12 मार्च को

**सीकर,** (निसं)। संयुक्त निदेशक कृषि विपणन सीकर करण सिंह ने बताया कि राज्य में राजस्थान कृषि उपज विपणन अधिनियम 1961 की धारा 34-ए के अंतर्गत ई-नाम के माध्यम से कृषि उपज का विक्रय तथा ई-भुगतान के माध्यम से भुगतान प्राप्त करने के लिए कृषकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रारम्भ की गई कृषक उपहार योजना के तहत 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक ई-नाम पोर्टल पर खण्ड स्तर पर जारी किए गए कूपनों की लॉटरी 12 मार्च 2026 को प्रातः 11 बजे डिजिटल माध्यम से निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि यह लॉटरी कार्यालय, कृषि उपज मंडी समिति, सीकर के सभागार में खण्ड स्तर पर गठित समिति की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में मंडी सचिवों, व्यापार संघ प्रतिनिधियों, किसान संघ प्रतिनिधियों तथा उपस्थित कृषकों के समक्ष सर्वसाधारण रूप से लॉटरी निकाली जाएगी। योजना के अंतर्गत विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 50,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 30,000 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 20,000 रुपये प्रदान कर लाभान्वित किया जाएगा।


**नगरपालिका मण्डल, रतनगढ़ (राजस्थान)**

क्रमांक-निर्माण शाखा/निविदा/2026/8182-84 दिनांक : 05.03.2026

**निविदा सूचना**

नगरपालिका, रतनगढ़ निम्न कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/सप्लायर्स से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है, जो निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 11.03.2026 को दोपहर 11.00 बजे तक विकय की जाकर दिनांक 11.03.2026 को को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी। प्रस्तुत सभी निविदाऐं दिनांक 11.03.2026 को मध्यान्ह पश्चात् 5.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जावेगी। कार्य से संबंधित शर्तें एवं विवरण निम्न हस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखी जा सकती है। कार्यों का विवरण लोक उपापन पोर्टल (www.sppp.raj.nic.in) पर भी देखी जा सकती है।

NIB code- DLB2526B2475

UBN:-DLB2526WSOB36968, DLB2526WSOB36972, DLB2526WSOB36974

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रतनगढ़

राज.संवाद/सी/25/22079



राजस्थान सरकार

**कार्यालय नगर परिषद सरदारशहर (जिला चूरू)**

तहसील परिसर, गॉधी चौक के पास सरदारशहर 331403, Email : eonpsdr@gmail.com

क्रमांक-न.प.स./2025-26/2391 दिनांक-06.03.2026

**लोक सूचना**

इस कार्यालय में निम्नांकित प्रार्थीगणों के द्वारा उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि को अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो कि निम्न है-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खातेदार/आवेदक का नाम | भूमि का स्थान | खसरा नं. | क्षेत्रफल हैक्टेयर |
|---|---|---|---|---|---|
| जिला-चूरू तहसील-सरदारशहर | जीवण देसर | श्री रोहित पींचा/ सुरेन्द्र पींचा | रोही जीवणदेसर | 1099148<br>1101/962 | 0.0579<br>0.7009 |

प्रयोजन- आवासीय प्रयोजनार्थ

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 06.03.2026 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरपरिषद, सरदारशहर



**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति झुंझुनूं**

Ted. No. 01592-239369, 232412, Email: kums.jhunjhu@rajasthan.gov.in

क्रमांक-458-66 दिनांक-10.03.2026

**निविदा सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति झुंझुनूं द्वारा वर्ष 2026-27 (01.04.2026 से 31.03.2027) के लिए निम्न कार्य/सेवाऐं/व्यवस्थाओं की दरों का अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं से निम्नानुसार निर्धारित प्रपत्र में मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) | निविदा फार्म शुल्क | धरोहर राशि | निविदा फार्म प्राप्त करने की दिनांक व समय | निविदा फार्म जमा करने की दिनांक व समय | निविदा फार्म खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विद्युत व्यवस्था | 1.50 | 200/- | 3000 | 10.03.2026 से 23.03.2026 सांय 5 बजे तक | 24.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे तक | 24.03.2026 को सायं 3.00 बजे तक |
| 2 | सफाई व्यवस्था ठेका | 10.00 | 200/- | 20000 | | | |
| 3 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 9.00 | 200/- | 18000 | | | |
| 4 | कचरा ट्रोली | 3.50 | 200/- | 7000 | | | |
| 5 | जीप किराया | 3.17 | 200/- | 6400 | | | |

निविदा के साथ धरोहर राशि नकद/ड्राफ्ट जमा करानी होगी अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में अवलोकन की जा सकती है। निविदा का अवलोकन www.sppp.rajasthan.gov.in/ पर भी किया जा सकता है। निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार मण्डी समिति का होगा।

प्रशासक सचिव